हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 28 सितंबर 2025

04 पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ समयबद्ध...



07 बंजारा डैम पहुंचे गोताखोर मैकेनिक पानी अधिक होने...





## खबर संक्षेप

### कांग्रेस सेवादल का मासिक ध्वजवंदन कार्यक्रम तीनबत्ती पर होगा संपन्न

**सागर।** हर माह के अंतिम रविवार को को होने वाला कांग्रेस सेवादल परिवार का मासिक ध्वज वंदन कार्यक्रम तीनबत्ती, गौर मूर्ति के नजदीक संपन्न होगा। नवरात्रि के पावन मौके पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शिवांगी चौबे होगी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेश जाटव और सेवादल प्रदेश महासचिव विजय साहू उपस्थित रहेंगे। शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे ने सभी कांग्रेस जनों, ग्रामीण कांग्रेस, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, सेवादल परिवार, नगर निगम पार्षद गणों, यंग ब्रिगेड, एनएसयूआई आदि से रविवार 28 सितंबर को सुबह 10.30 बजे तीन बत्ती पर उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### सेवा पखवाड़ा अंतर्गत आजीविका फ्रेश मेला का आयोजन

**सागर।** सेवा पखवाड़ा अंतर्गत 27 सितंबर से 29 सितंबर तक ग्रामीण स्व सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों का लोकल फॉर वोकल थीम पर आजीविका फ्रेश मेला का नगर पालिका मैदान पदमाकर नगर, नारायण नर्सिंग होम के पास, मकरोनिया में किया जा रहा है, मेला में समूहो द्वारा उत्पादित दालें, आटा, घी, आँवला कैंडी, दिये, मिट्टी के उत्पाद, अगरबत्ती, फ्लॉवर पॉट, राजगीर के लडडू, चिरोंजी, झूमर, ट्रेडी वियर, मुनगा पॉउडर, मुनगा टेबलेट, अश्वगंधा पॉउडर, अचार आदि का विक्रय किया जावेगा। उक्त मेला में आकर खरीद दारी कर ग्रामीण स्व सहायता समूहो का उत्साह वर्धन करें।

### हर दिन बनेगा दिव्यांग प्रमाण पत्र

**सागर।** जिला चिकित्सालय में अब हर दिन दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाए जाएंगे एवं बनने के पश्चात दिव्यांगजन के व्हाट्सएप नंबर पर शेयर किया जाएगा। उक्त निर्देश कलेक्टर संदीप जी. आर. ने दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम, सीईओ, सभी अधिकारी अपने अपने क्षेत्र के दिव्यांगों को चिन्हित कर उनके दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने के लिए उन्हें जिला चिकित्सालय भेजें जिससे कि उनका दिव्यांग प्रमाण पत्र आसानी से बन सकें। दिव्यांग प्रमाण पत्र बनने के बाद संबंधित अधिकारी प्रमाणपत्र को दिव्यांगजन के व्हाट्सएप नंबर पर शेयर करें एवं उन तक हार्डकॉपी पहुंचाने की व्यवस्था भी सुनिश्चित करें। कलेक्टर संदीप जी. आर. ने कहा कि दिव्यांगजन यदि आपके समक्ष आतें है तो पूरे सम्मान के साथ उनकी बात सुनें और उनकी समस्याओं का निराकरण करें।

### सहकारी समितियों का पंजीयन केवल ऑनलाइन

**सागर।** जिले में सहकारी समितियों का पंजीयन अब केवल ऑनलाइन प्रक्रिया द्वारा किया जाएगा। ऑनलाइन प्रक्रिया से समितियों का पंजीयन करवाने के लिए संबंधित व्यक्तियों को कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं है। उपायुक्त सहकारिता ने बताया कि समितियों के पंजीयन के लिए विभागीय ऑनलाईन पोर्टल पर जाकर 21 व्यक्ति मिलकर सहकारी समिति का गठन कर सकते हैं। पोर्टल पर नवीन संस्था का आवेदन करने के लिए आवेदक उल्लेखित लिंक पर जाकर स्वयं एमपी ऑनलाईन नागरिक सुविधा केन्द्र के माध्यम से आवेदन कर सकता है। आवेदक को पोर्टल पर अपना लॉग इन क्रिएट करना होगा। लॉग इन क्रिएट करने के लिए आधार से लिंक मोबाईल नंबर प्रविष्टि कर ओटीपी सत्यापन होगा। प्रस्तावित संस्था की जानकारी एवं प्रथम आवेदन की जानकारी भरकर पासवर्ड निर्मित करेगा। तत्पश्चात आवेदक का लॉगिन निर्मित हो जायेगा। अंशपूंजी का मूल्य दर्ज करके प्रस्तावित सदस्यों के फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड कर तदर्थ कमेटी नामांकित कर दस्तावेज अपलोड कर अंशों का मूल्य एवं सदस्यता प्रवेश शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करेगा।

रहली एचडीएफसी बैंक में धोखाधड़ी का मामला, एसडीएम और एलडीएम पहुंचे बैंक जांच करने

# बैंक में प्रमोशन पाने और टारगेट पूरा कर लाभ कमाने भोले भाले ग्रामीणों की कर दी गई बीमा पालिसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहली

नगरके एचडीएफसी बैंक मामले में धोखाधड़ी के शिकार लोगों की शिकायतें बढ़ती ही जा रही हे। शुक्रवार को एलडीएम और एसडीएम बैंक जांच करने पहुंचे, जिसमें बैंक प्रबंधन के अधिकारी भी शामिल रहे, वही धोखाधड़ी का शिकार हुए लोग बैंक के बाहर रुपए वापिस करने हंगामा करते नजर आए। द्रोपदी गोंड ने बताया कि उसके खाते से 14 लाख रुपए धोखे से निकाल लिए गए। करीब 22 लोगों की अब तक शिकायतें हो चुकी हे। खबर हे कि नगर के गल्ला व्यापारी और सराफा व्यापारियों की कई लाखों की रकम भी गोलमाल है। बैंक में जांच उपरांत एसडीएम कुलदीप पाराशर में बताया कि टाइगर रिजर्व में विस्थापित हुए लोगों के साथ बैंक के कर्मचारियों द्वारा धोखाधड़ी की गई हे।इसी मामले को लेकर जांच दल द्वारा जांच की गई हे, शिकायत कर्ताओं के खाते को जांच कर कार्यवाही की जाएगी।। नकारी के अनुसार विस्थापितों की जानकारी के बिना टारगेट पूरा करने धड़ाधड़ उनकी बीमा पालिसी बनाई गई और एफडी भी बनाई गई है।अनेक लोगों के बीमा प्रीमियम कई हजारों रूपए हे। बताया जा रहा हे कि बैंक अधिकारियों ने प्रमोशन पाने भोलेभाले ग्रामीणों को भरोसे में लिए बिना कई हजार प्रीमियम वाले बीमा कर दिए गए।वही सेल्फ चेक लगाकर ग्रामीणों के खाते से पैसे निकाले गए। जबकि ग्रामीणों का कहना हे कि मुझे पता नहीं कहां कहां दस्तखत कराए गए। चेक संबंधी कोई जानकारी नहीं हे।







## सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत आत्मनिर्भर भारत संकल्प कार्यक्रम आयोजित

**सागर।** भारतीय जनता पार्टी जिला सागर द्वारा जिला कार्यालय में सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक शैलेंद्र कुमार जैन रहे। मंचासीन अतिथियों में सेवा पखवाड़ा अभियान प्रभारी जगन्नाथ गुरैया, आत्मनिर्भर भारत अभियान टोली के सदस्य निकेश गुप्ता, मनीष चौबे, नितिन सोनी, कविता लारिया, तथा जीएसटी अभियान प्रभारी सुरेंद्र कुमार जैन उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने कहा कि भारत प्राचीन काल में "सोने की चिड़िया" कहलाता था। हम विश्व के सबसे समृद्ध राष्ट्रों में शामिल थे और आत्मनिर्भरता की दिशा में अत्यंत सशक्त थे। लेकिन मुगलों, हूणों, अंग्रेजों, फ्रांसीसियों आदि ने भारत को लूटा। स्वतंत्रता के बाद भारत ने फिर से खुद को सशक्त बनाने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र के माध्यम से उपलब्ध जेनेरिक दवाइयां गरीबों के लिए स्वास्थ्य का वरदान साबित हुई हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी ने आत्मनिर्भर भारत अभियान की विस्तार से जानकारी दी और लोगों से स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने का आग्रह किया। जिला पंचायत अध्यक्ष हीरासिंह राजपूत ने आत्मनिर्भर भारत अभियान के लोगों में जन जागरण की अपील की। जीएसटी रिफॉर्म अभियान प्रभारी सुरेंद्र जैन ने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा जीएसटी स्लैब में किए बदलावों की जानकारी विस्तार से प्रस्तुत की।

## स्वस्थ नारी सशक्त परिवार के तहत एक दिन में 1200 से अधिक महिलाओं की की गई जांच

**सागर।** स्वस्थ नारी सशक्त परिवार की अभियान के अंतर्गत कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर जैसीनगर में लगाए गए स्वास्थ्य परीक्षण सेवा में एक दिन में 1200 से अधिक महिलाओं बहनों एवं आम जन की जांच की गई। संयुक्त संचालक स्वास्थ्य डॉक्टर नीना गिडियन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ममता तिमोरे ने बताया कि कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर स्वास्थ्य सेवा आयोजित किया गया जिसमें स्वास्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस स्वास्थ्य परीक्षण में माता बहनों के साथ-साथ सभी की जांच की गई ।

## सेवा पखवाड़े पर स्वास्थ्य व रक्तदान शिविर लगा, बाजार भ्रमण कर जीएसटी के फायदे बताए -पूर्वमंत्री भूपेंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालथौन



सेवा पखवाड़े से प्रेरणा लेकर सेवाभावना को जीवन भर करने संकल्पित हों। स्वदेशी अपनाइए, स्वदेशी का मंत्र ही आत्मनिर्भर और विकसित भारत की संकल्प को पूरा करने का रास्ता है। जीएसटी कम होने से गरीब और मध्यम वर्ग का जीवन आसान हुआ है। यह उद्गार पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने मालथौन के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सेवा पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर में आए जनसमुदाय को संबोधित करते हुए व्यक्त किए हैं।

पूर्व गृहमंत्री सिंह ने कहा कि सेवा जीवन भर करते जाने का काम है, इसे आदत बना लीजिए। सेवा से जीवन में धर्म, आध्यात्मिक, मानसिक सुख शांति मिलती है और ईश्वर की कृपा आती है। सेवाभावी व्यक्ति को ही समाज स्मृति में रखता है जो जनता के दिलों पर भी राज करता है। उन्होंने कहा कि सेवा के कई स्वरूप हैं। स्वच्छता, रक्तदान, गौसेवा, वृक्ष लगाना, नशे की बुराई को खत्म करना, गरीब असहायों की सहायता और अन्याय व शोषण से पीड़ितों की रक्षा करना यह सब सेवा ही के रूप हैं। पूर्व गृहमंत्री सिंह ने कहा कि जीवनदान सबसे बड़ा दान है और हम इसे रक्तदान के माध्यम से कर सकते हैं। रक्तदान से किसी का जीवन बचता है और रक्तदाता के स्वास्थ्य को लाभ होता है। रक्त कृत्रिम रूप से नहीं बनता, मनुष्य ही मनुष्य को दे सकता है। रक्तदान ऐसी सेवा है जिसे करने में धन भी खर्च नहीं होता इसलिए अमीर गरीब सभी इसे सेवा के रूप में अपना सकते हैं। पूर्व गृहमंत्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने 390 वस्तुओं को जीएसटी कम करके बहुत सस्ता कर दिया है। उन्होंने सामानों की सूची मंच से पढ़ी और कहा कि यह सूची प्रिंट करा कर गांव गांव भेज रहे हैं ताकि आप सभी कम हुई कीमतों पर ही सामान खरीदें। उन्होंने बताया कि कृषि उपकरणों, खाद, दवाइयों आदि पर जीएसटी कम होने से किसानों को बड़ी राहत मिली है।

छोटे वाहन, स्कूटर तथा मकान बनाने के लिए सीमेंट, ईंट, रेत आदि सामग्री भी सस्ती हुई है जिससे मध्यम वर्ग को बड़ी राहत मिली है। कार्यक्रम के पश्चात पूर्व गृहमंत्री, भूपेन्द्र सिंह भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ नगर के बाजारों में भ्रमण पर निकले और दूकानदारों व उपभोक्ताओं से भेंट करते हुए उन्हें जीएसटी दरों के घटाए जाने की जानकारी दी। कार्यकर्ताओं ने हाथ में घटी जीएसटी मिला उपहार, धन्यवाद मोदी सरकार की तख्तियां उठा रखी थीं व नारे लगा रहे थे।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने नवरात्रि पर 25 लाख नये उज्जवला गैस कनेक्शन बहिनों को वितरित करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि 2 अक्तूबर को हम सभी बुराइयों के प्रतीक रावण को जलाएंगे और अपने भीतर, मन और स्वभाव में व्याप्त बुराइयों को भी समाप्त करने का संकल्प लेंगे।

उन्होंने कहा कि गरीबों की जमीनों पर कब्जा, उनका शोषण, सरकारी जमीनों पर कब्जा करके प्लाट और दूकानें बेचने वालों की प्रवृत्ति भी रावण जैसी ही है जिससे हम खुरई विधानसभा क्षेत्र में लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मालथौन में एक माह में 40 एकड़ सरकारी जमीन कब्जे से मुक्त कराई है और जो और बची होगी वह भी मुक्त कराएंगे। 30 एकड़ सरकारी जमीन के आवासीय पट्टे गरीबों को बांटे जाएंगे। जो कब्जा ,शोषण जैसे गलत काम करते हैं वे समझ लें कि एक दिन आपका भी नंबर आएगा। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि खुरई विधानसभा क्षेत्र में हमें प्रभु श्री राम के राम राज्य की संकल्पना को साकार करके दिखाना है।

सिकल सेल एनीमिया रोग के लक्षण एवं बचाव विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया

# एनीमिया के कारण शरीर कमजोर हो जाने से व्यक्ति अपनी पारिवारिक और सामाजिक भूमिकाओं का अच्छी तरह निर्वहन नहीं कर पाता : डॉ स्मिता दुबे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर





पंडित दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में 17 सितंबर से आयोजित सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत शनिवार को सिकल सेल एनीमिया रोग के लक्षण एवं बचाव विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष के रूप में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर सरोज गुप्ता मुख्य अतिथि एवं वक्त के रूप में सागर की प्रसिद्ध प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉक्टर स्मिता दुबे तथा सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के समन्वयक डॉक्टर अमर कुमार जैन तथा कार्यक्रम की प्रभारी रेणु सोलंकी महाविद्यालय की एनएसएस इकाई की प्रभारी डॉ अभिलाषा जैन तथा इतिहास विभाग के प्राध्यापक डॉ भरत कुमार शुक्ला उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आरंभ अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ।

कार्यक्रम के संचालन कर्ता डॉ अमर कुमार जैन ने बताया कि एनीमिया कहने में एक छोटी बीमारी लगती है लेकिन यह हमारे स्वास्थ्य के साथ सामाजिक व्यवहार को भी प्रभावित करती है। कार्यक्रम की अध्यक्ष एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ एवं निरोगी काया मनुष्य का सबसे बड़ा धन है और विद्यार्थियों को एनीमिया पर प्राप्त जानकारी को आगे अपने घर परिवार और समाज में जागरूकता के रूप में बढ़ाना है । कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं वक्ता डॉक्टर स्मिता दुबे ने बड़े आकर्षक तरीके से बच्चों के साथ संवाद और सवाल-जवाब करते हुए एनीमिया के शरीर पर पड़ने वाले प्रभाव को बताया । उन्होंने बताया कि एनीमिया शरीर में खून एवं हीमोग्लोबिन की कमी होने को कहा जाता है जिससे गर्भवती महिलाएं अधिकांशतः प्रभावित रहती है और मध्य प्रदेश में एनीमिया के कारण होने वाली मातृत्व मृत्यु दर उच्च है।

एनीमिया के कारण शरीर कमजोर हो जाने से व्यक्ति अपनी पारिवारिक और सामाजिक भूमिकाओं का अच्छी तरह निर्वहन नहीं कर पाता और इससे अन्य बीमारियों को भी आमंत्रण मिलता है । उन्होंने विद्यार्थियों से स्वस्थ मनुष्य में पाए जाने वाली हीमोग्लोबिन के स्तर पर प्रश्न पूछा जिसका सही जवाब देने पर उन्होंने नेहा नामक छात्रा को पुरस्कृत भी किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं में पीरियड्स आने के कारण हीमोग्लोबिन की कमी ज्यादा रहती है, इसके अलावा फास्ट फूड का बहुत उपयोग, चाय और कॉफी का अधिक सेवन, आनुवांशिक कारण और कीड़े होने से भी खून की कमी शरीर में हो जाती है। आगे उन्होंने हीमोग्लोबिन की जांच के लिए किए जाने वाले टेस्ट- हीमोग्लोबिन सिरम फेरिटिन टेस्ट, हीमोग्लोबिन इलेक्ट्रोफॉरेसिस टेस्ट पर चर्चा की उन्होंने बताया कि डॉक्टर द्वारा आयरन की दवाई लेने और आयरन युक्त भोजन करने के बाद भी अगर शरीर में आयरन का स्तर सामान्य नहीं होता तो इसके आनुवांशिक कारण होते हैं जैसे व्यक्ति में थैलेसीमिया या सिकल सेल एनीमिया पाया जाता है और इसके लिए हीमोग्लोबिन इलेक्ट्रोफॉरेसिस टेस्ट करवाया जाता है। उन्होंने कहा कि अनुवांशिक एनीमिया रोग को आगे बढने से रोकने के लिए सरकार को यह टेस्ट और अधिक करवाने चाहिए। गर्भवती महिलाओं को आने वाले बच्चे में इस रोग को रोकने के लिए अपने पति का भी यह टेस्ट करना चाहिए । उसके बाद उन्होंने विद्यार्थियों से आयरन बढ़ाने वाले भोजन पर प्रश्न पूछा इस प्रश्न का सही उत्तर कविता पटेल और शिखा राजपूत ने दिया जिन्हें डॉक्टर द्वारा पुरस्कृत किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को शरीर में आयरन सोखने की क्षमता बढ़ाने वाली चीजों जैसे आंवला, नींबू खट्टे फलों के सेवन पर भी बात की । उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को वर्ष में एक बार पेट के कीड़ो की दवाई जरुर खानी चाहिए तथा हीमोग्लोबिन स्तर सामान्य होने के बाद भी अगले तीन महीने तक आयरन की दवाई खाते रहने से शरीर में खून की कमी पूर्णतया दूर हो जाती है तथा जान कारी दी कि आयरन और कैल्शियम की दवाइयां का सेवन करते समय उनमें चार घंटे का अंतर रखना चाहिए। उन्होंने छात्राओं द्वारा पीरियड से जुडी अनेक समस्याओं तथा एनीमिया संबंधी पूछे गये प्रश्नों का समाधान भी किया। अंत में उन्होंने प्लेट में हजार रंग तब बढ़ेगा हीमोग्लोबिन का अंक कहते हुए सभी विद्यार्थियों को एनीमिया से बचने के लिए फास्ट फूड और अधिक चाय कॉफी के सेवन न करने, हरी पत्तेदार सब्जी एवं फलों का रोज सेवन करने की शपथ दिलाई । कार्यक्रम के अंत में डॉ. भरत कुमार शुक्ला ने कार्यक्रम में सभी उपस्थित सभी जनों का आभार ज्ञापित किया।



## दक्षिण वन मंडल रहली द्वारा 1500 से अधिक पौधरोपण का कार्यक्रम आयोजित किया

**रहली।** दक्षिण वन मंडल रहली द्वारा आयोजित सेवा पखवाड़ा 2025 अंतर्गत 1500 से अधिक पौधरोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इसके बाद गणेश पूजन और अतिथियों का स्वागत उपरांत उद्बोधन हुआ। एसडीओ विनीता जाटव ने अपने उद्बोधन में सभी का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। नपा अध्यक्ष देवराज सोनी ने कहा कि पेड़ो को काटकर प्रकृति का बहुत दोहन हुआ इसलिए विनाश की और बढ़ रहे है, समय आ गया हे प्रकृति से जो लिया इसे लौटाना होगा। अपने संबोधन में विधायक गोपाल भार्गव ने कहा कि वृक्ष लगाने के साथ उनकी देखभाल भी करनी होगी। प्रत्येक वृक्ष में जीव होता हे। रेंजर प्रतीक श्रीवास्तव ने आभार व्यक्त किया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंडित गोपाल भार्गव एवं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में रहली नगरपालिका परिषद अध्यक्ष देवराज सोनी सम्मिलित हुए । कार्यक्रम में पार्षद सुरेश सिंह, पवन नायक, शैलेन्द्र सोनी, अमित नायक, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष महेश यादव, जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि भरत सिंह, पार्षद पवन नायक, सुरेश सिंह, राजेंद्र सिंह, शैलेन्द्र सोनी, दीपक पटेल, जनपद सदस्य सुरेंद्र सिंह, सरपंच कृष्ण कुमार सिंह राजपूत, सरपंच गोविंद सिंह राजपूत, सचिव रामेश्वर पटेल, बार एसोसियेशन के नव निर्वाचित अध्यक्ष रामानंद पटेल एवं दक्षिण वन मंडल के एसडीओ विनीता जाटव, प्रशिक्षु एसडीओ आलोक झरिया, रेंजर प्रतीक श्रीवास्तव, डिप्टी रेंजर कुंअर सिंह, स्टाफ में अखिलेश श्रीवास्तव, रानू दुबे, ब्रजेश दुबे, अखिलेश गर्ग सहित कर्मचारियों ग्रामवासी उपस्थित रहे।



## मच्छरदानियों का वितरण कर बताया उपयोग का तरीका

**गढ़ाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा में सेवा पखवाड़े के तहत शनिवार के दिन नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी ने नगर पालिका कर्माचारियों के साथ पहुंच कर भगतसिंह वार्ड में मच्छरदानी वितरण की । इस अवसर पर मनोज तिवारी ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य डेंगू, मलेरिया और अन्य मच्छरजनित बीमारियों से लोगों को बचाव के उपायों पर वार्डवासियों को जानकारी दी गई। इस पहल से न केवल स्वास्थ्य सुरक्षा को बढ़ावा मिला, बल्कि यह सेवा पखवाड़े के तहत जनसेवा का एक उत्कृष्ट उदाहरण भी बना। यह वार्डवासियों के लिए बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूकता बढ़ाई। डेंगू एवं मलेरिया के बचाव के लिए लोगों को स्वच्छता के लिए जागरूक भी किया।





## 175 छात्राओं आईटीआई का कराया भ्रमण

**गढ़ाकोटा।** सागर जिले के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में व्यावसायिक शिक्षा अंतर्गत आईटी एवं ब्यूटी ट्रेड की छात्राओं को रहली शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में एवं ब्यूटी पार्लर का भ्रमण कराया गया। विद्यालय के प्राचार्य हरिशंकर सोनी ने बताया कि कक्षा नवमीं से बारहवीं तक की 175 छात्राओं को विद्यालय की उच्च. माध्यमिक शिक्षिका सोनम पांडे, ब्यूटी वैलनेस सी.वी गौर एवं आईटी ट्रेनर प्रभांशु रैकवार के साथ में प्रिया सोनी, नीलम एवं विद्यालय से रश्मि सोनी का मार्गदर्शन रहा।

## कृषि क्लस्टरो की 26 कृषि सखियों का प्राकृतिक खेती विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**सागर।** राष्ट्रीय प्राकृतिक कृषि मिशन के अंतर्गत सागर जिले के देवरी, केसली, रेहली, जैसीनगर एवं राहतगढ़ विकासखंडो के चयनित प्राकृतिक कृषि क्लस्टरो की 26 कृषि सखियों का प्राकृतिक खेती विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर संदीप जी आर के मार्गदर्शन में एवं उपसंचालक कृषि व परियोजना संचालक, आत्मा के सहयोग से कृषि विज्ञान केंद्र, देवरी, सागर द्वारा किया जा रहा है। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस एम के प्रजापति, परियोजना संचालक ने राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के उद्देश्यों तथा क्रियान्वयन पर प्रकाश डाला, पीएस बडोले, उपसंचालक उद्यानिकी सागर ने उद्यान की फसलों में जैविक मल्चिंग, प्राकृतिक कृषि में फलदार वृक्षों को लगाकर अतिरिक्त आय तथा विभागीय योजनाओं के संबंध में जानकारी दी एवं कृषि विज्ञान केंद्र सागर-।।, देवरी के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ आशीष त्रिपाठी ने उपस्थित कृषि सखियों एवं कृषको को प्राकृतिक कृषि की विभिन्न तकनीकों के बारे में अवगत कराया । उन्होंने मृदा परीक्षण के आधार पर भूमि में पोषक तत्वों के समावेश हेतु जैविक एवं प्राकृतिक खाद के बारे में बताया साथ ही पोषक तत्वों के पौधों की वृद्धि और उपज में क्या महत्व है पर प्रकाश डाला । द्वितीय दिवस में मास्टर ट्रेनर सुखलाल वासकेल द्वारा जीवामृत एवं घन जीवामृत निर्माण और उसके उपयोग की जानकारी दी । डॉ आशीष त्रिपाठी ने कीट नियंत्रण की प्राकृतिक विधियो को विस्तार से समझाया ।कृषि सखियों को को शांति धारा गौशाला में प्राकृतिक कृषि के विभिन्न उत्पाद एवं प्राकृतिक खेती का भ्रमण कराया गया । यहां पर रुपेश एवं कृष्ण कुमार ने गौशाला एवं गोबर गैस और प्राकृतिक इकाई का भ्रमण कराया । साथ ही कृषि विज्ञान केंद्र, बिजोरा फॉर्म, देवरी पर जीवामृत, बीजामृत, नीमास्त्र, दशपरनी अर्क आदि बनाने का प्रायोगिक कार्य कराया गया ।प्रशिक्षण के चतुर्थ दिवस डा आशीष त्रिपाठी द्वारा प्राकृतिक कृषि के अंतर्गत विभिन्न रोग प्रबंधन एवं कीट प्रबंधन के उपायों पर जानकारी दी ।

## खबर संक्षेप



### नवनिर्मित रोडवेज बस डिपो शुरू करने की मांग

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के युवा जिलाध्यक्ष ने प्रतिनिधि सदस्य विधान परिषद को ज्ञापन सौंपकर ललितपुर में लंबे समय से बनकर तैयार पड़े रोडवेज बस डिपो को शीघ्र शुरू करने की माँग की। ज्ञापन में कहा गया कि बस डिपो बनकर तैयार है लेकिन संचालन प्रारंभ न होने से यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। डिपो शुरू होने पर न केवल यात्रियों को बेहतर परिवहन सुविधा मिलेगी बल्कि रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। ज्ञापन प्राप्त होते ही एमएलसी प्रतिनिधि ने तत्काल क्षेत्रीय प्रबंधक रोडवेज संतोष कुमार एवं सहायक प्रवर्तन अधिकारी, कानपुर से फोन पर वार्ता की और ललितपुर की समस्या से अवगत कराया। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि बस संचालन हेतु शीघ्र जारी की जाएगी। एमएलसी प्रतिनिधि की इस पहल से ललितपुर में बस डिपो शुरू होने की उम्मीद और तेज हो गई है।युवा जिलाध्यक्ष अंकुर जैन सानू बाबा, एमएलसी प्रतिनिधि अतुल निरंजन,ब्रजेश गुप्ता,आंनद पटेल, आदि मौजूद रहे।

### महरौनी में अवैध खनन का मामला

**ललितपुर।** उपजिलाधिकारी महरौनी की कार्रवाई के दौरान अवैध खनन और परिवहन का बड़ा मामला सामने आया है। खान निरीक्षक सुदीप कुमार ने कोतवाली महरौनी में दी गई तहरीर में बताया कि 24 सितंबर की रात करीब 11.39 बजे गल्ला मंडी महरौनी में खड़ा ट्रक (संख्या यूपी 94 टी 8983, चेचिस संख्या एम.ए.टी. 808020 एम3एच 17666) में लगभग 30 घन मीटर गिट्टी लदी मिली। जांच के दौरान वाहन स्वामी या चालक कोई वैध प्रपत्र प्रस्तुत नहीं कर सके। ऑनलाइन रिकॉर्ड में वाहन पर पहले से एक चालान लंबित मिला। खान निरीक्षक के अनुसार, वाहन को जब्त कर थाने ले जाने के दौरान वाहन स्वामी सौरभ परमार, निवासी टीकमगढ़ (मध्य प्रदेश) ने मौके पर मौजूद पीआरडी जवान को धमकाकर बलपूर्वक ट्रक को भगा लिया। पुलिस ने इस आधार पर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। अवैध खनन व परिवहन से सरकारी राजस्व को भारी नुकसान होने की आशंका जताई गई है। पुलिस ने वाहन स्वामी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है और साक्ष्य के रूप में गल्ला मंडी में ली गई फोटो भी संलग्न की गई है।

### मंदिर से लौट रही महिला से की टप्पेबाजी

**तालबेहट/ललितपुर ।** मंदिर से लौट रही महिला को बदमाशो ने पहले विश्वास में लिया और महिला से बाते करने लगे करीब 5 मिनट के वार्तालाप में महिला को विश्वास में देखकर बदमाशों ने महावीर स्वामी का नाम लेकर सोने के जेवरात उतारकर रखने के लिए कहा और महिला ने महावीर स्वामी का नाम लेकर जेवरात उतार जमीन पर रख दिए उसके बाद बदमाशो ने जेवरात उठाएं और लेकर रफू चक्कर हो गए, बताया जा रहा महिला शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे अपने घर के पास स्थित एक मंदिर से पूजा करके लौट रही थीं। वे जैसे ही कस्बे के एक्सिस बैंक के पास पहुंची दो लोग मिल गए और महिला से वार्तालाप कर महिला को विश्वास में लिया और सोने की जेवरात लेकर फरार हो गए हैं। घटना की सूचना महिला ने अपने परिजनों को दी, जिन्होंने पुलिस को फोन किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़िता से पूछताछ की और आसपास के लोगों से भी जानकारी ली। पुलिस ने बताया कि बदमाशों की तलाश के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। कोतवाली प्रभारी मनोज मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज किया जा रहा है। और सीसीटीवी फुटेज से बदमाशों की पहचान करने की कोशिश कर रहे हैं। जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

---

### जिला स्तरीय सतर्कता और मॉनीटरिंग समिति की बैठक संपन्न

# पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ समयबद्ध पहुंचाना सुनिश्चित करें: चौहान



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के ऊपर उत्पीड़न की घटनाओं की रोकथाम व उनके शैक्षिक और आर्थिक स्तर को मजबूत करने तथा उनकी अन्य समस्याओं को जानने के लिए मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार उत्पीड़न आर्थिक सहायता योजनान्तर्गत जिला स्तरीय सतर्कता और मॉनीटरिंग समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में समिति के समक्ष जिले में अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के हित में सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की गई। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि पात्र लाभार्थियों तक शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने समाज कल्याण अधिकारी को विशेष रुप से निर्देशित किया कि वह जनपद में पीसीआर एक्ट एवं अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम से सम्बंधित मामलों की नियमित निगरानी करें तथा पीड़ितों को समय पर आर्थिक सहायता एवं अन्य आवश्यक सहयोग उपलब्ध करायें।विद्यालयों की दूरी अधिक होने से पढ़ाई छोड़ रही बालिकाओं पर चिंता जताई मुख्य विकास अधिकारी ने स्पष्ट रुप से कहा कि शासन की मंशा है कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लोगों को न केवल सुरक्षा प्रदान की जाए, बल्कि उनके सामाजिक, आर्थिक विकास हेतु चल रही योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ भी उन्हें दिलाया जाए। बैठक में सतर्कता समिति की सदस्य संगीता ने ग्रामीण क्षेत्र में विद्यालयों की दूरी अधिक होने के कारण पढ़ाई छोड़ रही बालिकाओं के प्रति चिंता व्यक्त की, साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों के आधार कार्ड न बनने से उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है, जिसे गंभीरता से लेते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिये कि वह अनुसूचित जनजाति बालिका साईकिल योजना के अंतर्गत कक्षा 6, 9 व 11 में पढ़ने वाली जनजाति छात्राओं के अधिक से अधिक आवेदन कराकर योजना का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार आधार कार्ड के लिए खण्ड विकास अधिकारियों से सम्पर्क कर ब्लॉक स्तर पर उपलब्ध करायी गई आधार मशीनरी से क्षेत्र के लोगों के आधार कार्ड बनवायें।

### छात्रावास में असुविधाओं व अन्य समस्याओं के प्रति ध्यान आकर्षित किया

इसी प्रकार से समिति के सदस्य दीपक गौतम ने अनुसूचित जाति, जनजाति राजकीय छात्रावास में छात्रों के लिए व्याप्त असुविधाओं साफ-सफाई व अन्य समस्याओं के प्रति ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि बिना नोटिस दिये छात्रों को निस्कासित करने की कार्यवाही कर दी जाती है, जिससे उनकी शिक्षा प्रभावित होती है, इस समस्या का समाधान किया जाए। समिति के सदस्य बाबूराम दुबे ने अनुसूचित जाति/जनजाति के उत्थान के लिए सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए। बैठक में राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग,मनोहर लाल पंथ, सदर विधायक प्रतिनिधि श्रीकांत कुशवाहा, सांसद प्रतिनिधि दिनेश गोस्वामी, एमएलसी प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी की उपस्थित रही। राज्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी अनूसूचित जाति व जनजाति के लोगों के साथ अत्याचार की घटनायें होती हैं, जिन पर ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार द्वारा अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के हित के लिए अनेक योजनाएं चलायी जा रही हैं, जिनका पात्र व्यक्तियों को लाभ दिया जाए। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अंकुर श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी अतिरंजन सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी कुंवर सिंह यादव, जिला पूर्ति अधिकारी उमेश मिश्रा, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल व समिति के सदस्य बाबूलाल दुबे, संगीता, दीपक गौतम, कौशल वर्मा, आकाश चौहान उपस्थित रहे।

---

### अधिकारियों का संवाद कार्यक्रम

# जन संवाद ही विकास का आधार: सदर विधायक





हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

ग्राम पंचायत सीरोन खुर्द में सदर विधायक रामरतन कुशवाहा की अध्यक्षता एवं मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत स्तर पर समस्त विभागीय अधिकारियों का संवाद कार्यक्रम भव्य रूप से आयोजित किया गया। इस संवाद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, महिला-पुरुष, युवा, किसान, बुजुर्ग एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। ग्रामवासियों ने शासन की योजनाओं से जुड़ी अपनी शिकायतें, समस्याएँ एवं सुझाव खुले मंच से व्यक्त किए। विधायक ने उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक प्राप्त शिकायत का तत्काल निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जनता की समस्याओं का समाधान समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से किया जाए। शासन द्वारा संचालित सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे। किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

#### संवाद कार्यक्रम की प्रमुख बातें

कृषि विभाग किसानों को समय पर खाद, बीज एवं तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश। राजस्व विभाग लंबित नामांतरण, सीमांकन एवं खातेदारी संबंधी विवादों के त्वरित निस्तारण पर बल। स्वास्थ्य विभाग ग्रामीणों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएँ सुलभ कराने एवं शिविर लगाकर जाँच/टीकाकरण करने के आदेश। पंचायतीराज एवं जल संस्थान पेयजल की उपलब्धता, हैंडपंप मरम्मत एवं स्वच्छता मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु दिशा-निर्देश। शिक्षा विभाग प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं आधारभूत सुविधाओं की व्यवस्था। समाज कल्याण विभाग ड्ड पात्र लाभार्थियों को पेंशन, छात्रवृत्ति एवं योजनाओं का लाभ प्राथमिकता पर दिलाने की बात।

#### शासन की मंशा है कि योजनाओं का सीधा लाभ पात्र तक पहुंचे

अपने उद्बोधन में विधायक ने कहा कि लोकतंत्र का वास्तविक स्वरूप तभी साकार होता है जब जनप्रतिनिधि, अधिकारी और जनता आमने-सामने बैठकर संवाद करें। शासन की मंशा है कि योजनाओं का सीधा लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुँचे और कोई भी व्यक्ति सरकारी योजनाओं से वंचित न रह जाए। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार का संकल्प है अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास की किरण पहुँचाना। ग्रामवासियों ने विधायक के इस प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के संवाद कार्यक्रमों से उन्हें अपने गाँव के विकास और व्यक्तिगत समस्याओं के समाधान के लिए एक सशक्त मंच मिलता है। कार्यक्रम के अंत में विधायक ने सभी अधिकारियों को पुनः निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का लिखित अभिलेख रखा जाए तथा निस्तारण की रिपोर्ट समय-समय पर प्रस्तुत की जाए। उन्होंने ग्रामवासियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं के समाधान हेतु वह सदैव तत्पर हैं। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी, साइबर क्राइम सेल, महिला थानाध्यक्ष, सशक्त नारी टीम, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

---

### मां दुर्गा नवरात्रि महोत्सव

# भजनों में मां अंबे के नौ रूपों का वर्णन किया



**ललितपुर ।** बैंक कालोनी में मां दुर्गा महोत्सव की अवसर पर मां दुर्गा की प्रतिमा दुर्गा पूजा पंडाल में ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा साँस्कृतिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में ब्रह्मकुमारी आश्रम द्वारा आयोजित भजन संध्या कार्यक्रम के तहत माता दुर्गा के नौ रूपों की व्याख्यान के साथ नौ रूपों की भजनो के माध्यम से वर्णन किया जिस पर पंडाल में सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुषों ने भजनों में सहयोग सत्संग किया इस अवसर पर ब्रह्मा कारण कुमारी आश्रम से बीके चित्रलेखा बीके प्रीति के पूजा बीके विद्यासागर बीके रोहित बीके महेश कंचन बीके स्वर्ण कंचन श्यामसुंदर गोस्वामी भागचंद त्रिपाठी सत्यनारायण उदित नारायण त्रिपाठी पुरुषोत्तम दुबे परमानंद द्विवेदी जयदेव दीक्षित रामबाबू हरि कृष्णा कश्यप अशोक तिवारी प्रेम शुक्ला अशोक स्वामी बाय भी उपाध्याय अनिल कुमार वर्मा बालकिशन तिवारी विनय श्रीवास्तव और अशोक शर्मा आदि उपस्थित रहे।

---

### डिलीवरी कराने के नाम पर मांगा अवैध सुविधा शुल्क

# गर्भवती से डिलीवरी कराने के नाम पर आशा का रुपए लेते हुए वीडियो वायरल



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

गर्भवती महिला की डिलीवरी कराने के नाम पर रिश्वत मांगी और जब रिश्वत मिली तब उसकी डिलीवरी कराई गई। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही हड़कंप मच गया। ब्लॉक महरौनी के अंतर्गत ग्राम सिलावन निवासी गर्भवती खूशबू अहिरवार का पेट दर्द करने लगा तो उनके पति महेंद्र अहिरवार सामूदायिक स्वास्थ्य केन्द्र महरौनी लेकर पहुंच गये, जहां आशा द्वारा नॉर्मल डिलीवरी के नाम पर 10 हजार रुपए की मांग की उसके बाद ही प्रसव कराने का कहा गया। पीड़ित 10 हजार रुपये देने में सक्षम नहीं था। इसलिए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। लेकिन वहां भी आशा द्वारा सुविधा शुल्क मांगा गया। अन्यथा की स्थिति में झांसी रेफर करने के लिए कहा गया। पीड़ित ने आशा को 5 हजार रुपए दे दिए जिसका वीडियो बना लिया और अब वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

#### जांच कमेटी गठित आज सौंपेगी रिपोर्ट

प्रसव कराने के नाम पर रुपये लिये जाने का दावा करने वाली वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यह वायरल वीडियो से सम्बन्धित एक शिकायती पत्र भी प्रशासन को भेजा गया है। प्रकरण को लेकर जिलाधिकारी अमनदीप डुली ने सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद को जांच कर आख्या शनिवार को देने के निर्देश दिये हैं। इधर सीएमओ ने मामले की जांच के लिए कमेटी बनाकर जांच के निर्देश दिये हैं।

---

### बच्चों ने भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए

# निर्यापक मुनि सुधासागर का दीक्षा दिवस संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

श्री दिगंबर जैन सुधा सागर कन्या इंटर कॉलेज में निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव सुधा सागर महाराज का 43वां दीक्षा दिवस विद्यालय प्रांगण में धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ। जिसमें बच्चों ने भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

इस महोत्सव में दिगंबर पंचायत समिति के अध्यक्ष डॉ अक्षय टडैया, महामंत्री आकाश जैन, देवोदय तीर्थ क्षेत्र देवगढ़ कमेटी अध्यक्ष अनिल जैन अंचल,समाज श्रेष्टी शीलचंद अनोरा, अखिलेश गदयाना, महेंद्र मयूर, राजेंद्र जैन थनवारा, प्रफुल्ल कुमार जैन, संजीव जैन, सन्मति गांधी,अशोक जैन उमरिया दिलीप चौधरी, सुरेश बडेरा, वीर चंद्र जैन सराफ, पंकज जैन मोदी, वीणा जैन,अनीता मोदी, सीए रचना जैन, अनिल जैन मामा भांजा, श्रेयांश जैन गदयाना,प्रभात जैन लागोन द्वारा पूरे भक्ति भाव से मुनि पुंगव सुधासागर महाराज का पूजन किया गया। इस अवसर पर जूनियर स्तर एवं माध्यमिक स्तर के बच्चों द्वारा मेहंदी एवं आरती सजाओ प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य कल्पना जैन, रजनी सक्सेना, पुष्पाजैन, मीना जैन सुषमा जैन सोनम जैन, कीर्ति झा, अस्मिता सेन, अक्षय जैन, सुरेंद्र झा, शुभम झा, विजय कुमार जैन, रजनी सक्सेना, रुचि हुंडेत, अंजलि जैन, चंचल, रजनी जैन, अमृता जैन का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक प्रफुल्ल कुमार जैन द्वारा किया गया।

---

### जलवायु जोखिमों के समावेशीकरण पर कार्यशाला संपन्न

# जलवायु परिवर्तन ग्रामों भी गंभीर चुनौती: निरंजन

**ललितपुर।** जलवायु परिवर्तन के खतरों को कम करने हेतु प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण जरूरीः अध्यक्ष ललितपुर। गोरखपुर एनवायरनमेंटल एक्शन ग्रुप एवं साई ज्योति संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय होटल में जिला पंचायत कार्ययोजना में जलवायु परिवर्तन के समावेशीकरण हेतु स्टेकहोल्डर्स की एवं दिवसीय क्षमतावर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया।

शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन ने दीप प्रज्वलन करके किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ मजहर रशीदी एवं सुश्री अर्चना श्रीवास्तव ने विशेष रूप से उपस्थित रहकर सभी विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यशाला में उपस्थित विभिन्न वर्ग के



प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत ने कहा कि जलवायु परिवर्तन आज ग्राम स्तर पर भी गंभीर चुनौती बन चुका है। उन्होने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं स्थानीय निकायों और समुदायों को समस्या समाधान में सशक्त बनाने में सहायक होंगे। उन्होने कहा कि जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने के लिये प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण एवं संवर्धन करना आवश्यक है। उन्होंने उदाहरण के साथ समझाया कि हमने जल संरक्षण का काम कर अपने जनपद के भूगर्भ जल स्तर में सुधार किया है। वन एवं पर्यावरण संरक्षण किया जाना भी अति आवश्यक है। उ कार्यशाला में विशेषज्ञों डॉ मजहर रशीदी एवं सुश्री अर्चना श्रीवास्तव ने द्वारा जलवायु जोखिम आकलन, जोखिम सुचित नियोजन, कृषि एवं जल प्रबंधन, तथा सामुदायिक सहभागिता के महत्व पर तकनीकी सत्र आयोजित किए गए। प्रतिभागियों में मंजीत सिंह, लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा आचार्य, उमा शंकर चौबे पूर्व प्रधान, वासुदेव सिंह, शैलेन्द्र सागर, राजेन्द्र सिंह बजाज फाउंडेशन, सुनील जैन खजुजिया, कुन्ज बिहारी शर्मा, नन्दलाल राजपूत, मुकुल शर्मा, उत्कर्ष श्रीवास्तव, रुचिका सिंह बुन्देला शामिल रहे।

---

### विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन

# इसरो के वैज्ञानिक ने जैनदर्शन के अनेक तथ्य किए उजागर



**ललितपुर।** वैज्ञानिक संत आचार्य निर्भय सागर महाराज के ससंघ में विज्ञान संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए इसरो के प्रख्यात वैज्ञानिक डॉ राजमल जैन ने कहा कि अहिंसा में कर्म सिद्धांत अति प्राचीन सर्वोपरि हिंसा की जरूरत नही। उन्होने अनेक देशों में भ्रमण के दौरान देखा विदेशों में श्रमण संस्कृति के प्रमाण आज भी उपलब्ध हैं, जिनमें जैन धर्मग्रंथों के संदर्भ स्पष्ट रूप से अंकित हैं। इन प्रमाणों से यह सिद्ध होता है कि जैन धर्म केवल आस्था का नहीं, बल्कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण का भी प्राचीन धर्म है। उन्होंने जैन धर्म के मूल सिद्धांत अहिंसा के वैज्ञानिक स्वरूप को दर्शाया और परस्पहरोह जीवानाम को जैन दर्शन का प्रमुख सूत्र बताया। इसके पूर्व बैज्ञानिक डॉ राजमल जैन ने आचार्य श्री को श्रीफल अर्पित कर आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में उत्तरांचल तीर्थ क्षेत्र समिति की अध्यक्ष शैलेंद्र जैन ने संबोधित किया। दिगंबर जैन पंचायत के अध्यक्ष डॉ अक्षय टड़ैया, महामंत्री आकाश जैन, कैप्टन राजकुमार जैन, सतीश नजा, मनोज जैन बबीना मौजूद रहे।

---

### रामलीला के चौथे दिवस में वृंदावन के कलाकारों ने मोहा मन

# जनकपुर अवलोकन, पुष्प वाटिक लीला का मंचन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

श्री लक्ष्मीनृसिंह मन्दिर तालाबपुरा के तत्वावधान में आयोजित रामलीला के चौथे दिवस में जनकपुर अवलोकन एवं पुष्प वाटिका प्रसंग की लीला का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कोरस गीतों के उपरांत वृंदावन के श्री निकुंज बिहारी रासलीला मंडल द्वारा लीला का मंचन किया गया। लीला मंचन के प्रथम दृश्य में मुनि विश्वामित्र ने राम लक्ष्मण को राक्षसों का दमन करने के लिये धन्यवाद ज्ञापित किया। तत्पश्चात श्रीराम ने एक पत्थर की शिला देखकर उसके बारे में जिज्ञासा जाहिर की, तो मुनि विश्वामित्र ने बताया कि यह



किसी समय गौतम ऋषि की पत्नी अहिल्या थी जो श्राप के चलते पाषाण की शिला बन गयी थी। श्रीराम की चरण रज का स्पर्श पाकर अहिल्या का उद्धार हुआ। तत्पश्चात राम और लक्ष्मण गंगा के घाट पर पहुंचते हैं, जहां पंडा से रोचक संवाद होता है।लीला मंचन के अगले दृश्य में मिथिलापुर के राजा जनक अपनी पुत्री सीता के स्वयंवर में पधारने का विश्वामित्र को आमंत्रण भेजते हैं और मुनि अपने साथ राम लक्ष्मण को लेकर जनकपुर पहुंचते है। राम और लक्ष्मण अपने गुरु से नगर दर्शन करने की इच्छा जाहिर करते हैं। पुरवासी इन दोनो कुमारों को देखकर हर्षित होते हैं। झरोखा से सखियां उनकी शोभा देखती हैं।

#### सीता को मां गौरी आशीर्वाद देती हैं कि तुम्हारी मनोकामना पूर्ण होगी

लीला मंचन के अगले दृश्य में गुरु जी की पूजा के लिए राम और लक्ष्मण पुष्प चुनने के लिये पुष्प वाटिका में जाते हैं , जहां बागवान से रोचक संवाद हुआ। उसी समय सीता अपनी सखियों के साथ गौरी पूजन करने वाटिका में जाती हैं और लता की ओट से श्रीराम को देखती हैं। राम और सीता के प्रथम मिलन के क्षण आनंदित करने वाले रहे। सीताजी को मां गौरी आशीर्वाद देती हैं कि तुम्हारी मनोकामना पूर्ण होगी । इसके बाद भगवान श्री राम की आरती की जाती है और लीला को यहीं पर विराम दिया जाता है। कार्यक्रम मेंउपस्थित आयोजक महन्त गंगादास जी महाराज श्री लक्ष्मी नृसिंह मंदिर, प्रदीपचौबे कौस्तुव चौबे रामेश्वर प्रसाद सडैया, सुभाष जायसवाल, बब्बू राजा बुन्देला,वी. के. सरदार, अजय तिवारी नीलू धर्मेन्द्र रावत, प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव कुमार बबेले संजय ड्योडिया, अजय पटैरिया, भगवत नारायण वाजपेयी, राव राजा, अशोक पटैरिया विलास पटैरिया, उदित , बांबी राजा राजेन्द्र वाजपेयी, मनीष विश्वकर्मा, मनीष सडैया, हदेश हुण्डैत, विवेक सडैया, हरीशंकर साहू, संजय अवस्थी, राजू यादव, राहुल साहू खिरिया, चंद्रशेखर राठौर, अभय स्वामी स्पीकर, गोलू श्रीवास्तव, सुरेश श्रीवास्तव,अजय नायक, प्रभाकर शर्मा, अजय तोमर, करुणाकर शर्मा बाबू अभिषेक निरंजन छक्की लाल साहू, निखिल तिवारी धर्मेन्द्र यादव, अनुज दीक्षित, डा विक्रांत तोमर, कल्लू तिवारी, जगदीश पाठक अरविन्द संज्ञा, मुकेश गुप्ता, हरनाम सिंह तोमर, रंजीत राजा वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेश कुमार सोनी अमित राठौर अशीष तिवारी, चंदे साहू,प्रेम बिहारी श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी पंकज रायकवार । भगवान राम की भूमिका में अनुज कुमार, लक्ष्मण पुण्डरीक शर्मा, जानकी विष्णु शर्मा, विश्वामित्र चंद्रशेखर कौशिक, जनक भरत लाल शर्मा, संगीतकार गोपाल प्रसाद, बृजेश कुमार, प्रदीप कुमार, हरिओम शर्मा, हरिप्रसाद।

### आवदा बांध से पानी की आवक कम होते ही सूखने लगी सीप

# बंजारा डैम पहुंचे गोताखोर मैकेनिक पानी अधिक होने से नहीं किया काम


समय रहते नहीं किया मेंटीनेंस, सीप के खाली होने की बनी आशंका

एक साल पहले जुगाड़ से सरकाया बंजारा डैम का गेट फिर रास्ते में अटका



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

आवदा बांध से जैसे ही पानी की आवक कम हुई वैसे ही जीवनदायिनी सीप नदी का जलस्तर टूटने लगा है। विगत वर्ष की तरह इस वर्ष भी बारिश का सीजन समाप्त होने से पहले ही सीप नदी सूखने लगी है। ज्ञात हो कि बंजारा डैम से पानी निकासी के लिए बनाया गया गेट खराब होकर बीच रास्ते में अटक जाने से उससे रोजाना हजारों गैलन पानी व्यर्थ बह रहा है, जिससे सीप असमय सूखने के कगार की ओर बढ़ती दिख रही है। हालांकि गेट को सही करने के लिए ग्वालियर से गोताखोर मैकेनिक बुला लिए गए हैं और उन्होंने बंजारा डैम पर पहुंचकर स्थल निरीक्षण भी कर लिया है। लेकिन पानी का भराव अधिक होने की वजह से उन्होंने फिलहाल गेट ठीक करने के लिए गहरे पानी में उतरने से मना कर दिया है। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की माने तो अभी गेट को सुधारने के लिए करीब एक सप्ताह ओर इंतज़ार करना पड़ सकता है। ज्ञात हो कि हरिभूमि ने 19 सितंबर के अंक में ₹ एक साल पहले जुगाड़ से सरकाया बंजारा डैम का गेट फिर रास्ते में अटका₹ नामक शीर्षक से समाचार प्राथमिकता से प्रकाशित किया था जिस पर संज्ञान लेते हुए कलेक्टर अर्पित वर्मा ने जल संसाधन विभाग को तत्काल गेट ठीक कराने के निर्देश दिए थे।

विगत वर्ष बारिश के समय बंजारा डैम का गेट बीच रास्ते में अटक गया था जिसे ठीक करने के लिए ग्वालियर से गोताखोर मैकेनिक बुलाए थे जिन्होंने पानी से भरे बंजारा डैम के भीतर जुगाड़ लगाकर गेट को ठीक तो कर दिया लेकिन 100 साल से भी अधिक पुराना होने के कारण गेट दोबारा से बारिश के सीजन में फिर अटक गया अब हालात विगत वर्ष की तरह फिर निर्मित हो गए हैं। इस संबंध में कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा दिए गए निर्देश के बाद जलसंसाधन विभाग ने ग्वालियर से गोताखोर मैकेनिक बुला तो लिए गए हैं और उन्होंने बंजारा डैम का निरीक्षण भी कर लिया लेकिन अभी सीप नदी में पानी अधिक होने के चलते मैकेनिकों ने फिलहाल गेट को ठीक करने से इनकार कर दिया है। क्योंकि अधिक पानी होने के कारण काम करने वाले मजदूरों की जान का खतरा है। जिस जगह मैकेनिकों को गेट ठीक करना है वहां से पानी तेज बहाव के साथ निकल रहा है जिसमें फंसकर उनकी जान जा भी सकती है। फिलहाल गोताखोर मैकेनिक सीप नदी का पानी और उतरने के बाद ही गेट सही करने पानी में उतरेंगे। जिसमें करीब एक सप्ताह का समय लगने की उम्मीद है।

**बारिश ने बढ़ाई चिंता**

शनिवार को शहर में बढ़ती हुई गर्मी से हुई बारिश में राहत प्रदान की लेकिन इस बारिश में बंजारा डैम के गेट को ठीक करने आए गोताखोरों को परेशान कर दिया। दरअसल गोताखोर बंजारा डैम के खाली होने का इंतजार कर रहे हैं इस समय आवदा डैम से पानी की आवक कम होने और बंजारा डैम के गेट से पानी अधिक बहने से सीप धीरे-धीरे खाली हो रही है लेकिन जंगल में बारिश अधिक हो गई तो फिर सीप नदी में आवदा डैम से पानी की आवक अधिक हो जाएगी जिससे सीप खाली होने के बजाय उल्टे भर जाएगी। इसके बाद सीप के खाली होने का इंतजार और अधिक बढ़ना लाज़मी है।

**शहर का भूजल स्तर सामान्य बनाए रखने में सहायक सीप**

शहर के बीच से गुजरी सीप नदी शहर का भूजल स्तर सामान्य बनाए रखने में सहायक है। जब-जब सीप नदी में पानी भरा रहा है तब तक शहर का भूजल स्तर सामान्य बना रहता है और जब जब सीप नदी सूख जाती है तब तब शहर का भूजल स्तर बहुत नीचे तक चला जाता है। हालांकि भूजल स्तर गिरने की यह परिस्थिति भीषण गर्मी में देखने को मिलती है लेकिन इस बार बारिश के सीजन में ही सीप नदी सूखना शुरू हो गई है अगर नदी का पानी इसी तरह कम होता रहा तो इस बार शहर को भयंकर जल संकट से जूझना पड़ सकता है।

**इनका कहना है..**

कलेक्टर के निर्देश पर ग्वालियर से गोताखोर मैकेनिक बुलाए गए हैं जिन्होंने डैम पर पहुंचकर स्थल निरीक्षण कर लिया है। अभी बंजारा डैम में पानी अधिक होने से गेट ठीक नहीं हो पा रहा है पानी ओर अधिक खाली होने पर ही मैकेनिक गेट ठीक करने पानी में उतरेंगे। अभी आवदा डैम से पानी की आवक जारी है जितना भी पानी खाली होगा उतना दोबारा भर जाएगा। सीप के सूखने का कोई खतरा नहीं है।

**चैतन्य चौहान**
**ईई जल संसाधन विभाग, श्योपुर**

### श्योपुर कोर्ट ने तस्कर पर 5 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया

# पांच किलो गांजे के साथ पकड़े तस्कर को तीन साल का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



तीन साल पहले पांच किलो 200 ग्राम गांजे के साथ पकड़े गए गांजा तस्कर को श्योपुर के विशेष न्यायालय ने तीन साल के सश्रम कारावास की सजा से दंडित कर दिया है। इसके साथही उस पर पांच हजार का जुर्माना भी रोपित किया है। यह मामला देहात थाना क्षेत्र का है। इस मामले में शासन की ओर से पैरवी करने वाले लोक अभियोजक राजेन्द्र जाधव एड ने बताया कि 29 अक्टूबर 2022 को देहात थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर ग्राम ढोटी में पच्चीपुरा रोड से एक गांजा तस्कर को दबोचा गया। जिसने पूछताछ के दौरान अपना नाम मांगीलाल मीणा निवासी ढोटी बताया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 5 किलो 200 ग्राम गांजा जब्त किया गया। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा और विवेचना की कार्रवाई पूरी करके चालान विशेष न्यायालय श्योपुर में पेश किया। विशेष न्यायालय ने विचारण के दौरान आरोपी मांगीलाल मीणा निवासी ढोटी को दोषी माना और उसे 3 साल के सश्रम कारावास और 5 हजार के जुर्माने की सजा सुना दी है।

# माता के आंगन में लगा नारी स्वास्थ्य शिविर 150 महिलाओं का किया गया चैकअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




शहर की विकासनगर कॉलोनी में नवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में बिराजी मातारानी के आंगन में दुर्गा महोत्सव समिति की पहल पर नारी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास के समन्वय से आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर के शुभारंभ अवसर पर दुर्गा महोत्सव समिति विकासनगर के अध्यक्ष महावीर सिंह मीणा, सचिव राहुल बंसल सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे। जिन्होने इस शिविर का शुभारंभ करते हुए कहा कि महिलाएं अपने पूरे परिवार कर ध्यान रखती है,ऐसे में हमारी जिम्मेदारी बनती है कि हमसब भी अपने घर परिवार की महिलाओं का ध्यान रखे। इसलिए माता के आंगन इस नारी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन रखा गया है। शिविर में महिला रोग विशेषज्ञ डॉ रेखा जैन ने पहुंचकर करीब 150 महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया और उन्हें उचित चिकित्सीय परामर्श दिया। शिविर में पर्यवेक्षक ममता व्यास, रेखा सुमन,अनीता सिंहल, लक्ष्मी तोमर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता,आशा कार्यकर्ता का भी उपस्थित रही।

### श्योपुर कृषि उपज मंडी में हुई घटना, जांच में जुटी पुलिस

# मंडी में लाइट ठीक करने खंभे पर चढ़े इलेक्ट्रीशियन की करंट से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



जैदा स्थित कृषि उपज मंडी श्योपुर में शनिवार की दोपहर को इलेक्ट्रीशियन की उस समय करंट लगने से मौत हो गई, जब वह खंभे पर चढ़कर लाइट को ठीक कर रहा था। हालांकि मंडी के कर्मचारी इलेक्ट्रीशियन के खंभे से नीचे गिरने के बाद उसे तत्काल जिला अस्पताल लेकर आए,लेकिन जिला अस्पताल में उसकी मौत हो गई। कोतवाली पुलिस ने मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली थाना पुलिस ने बताया कि पीलीकोठी श्योपुर निवासी कृष्णपाल सिंह चौहान 63 वर्ष ने मंडी से रिटायर होने के बाद श्योपुर मंडी में बिजली संबंधी काम का ठेका ले लिया था।

शनिवार की दोपहर को कृष्णपाल सिंह चौहान मंडी में स्थित एक बिजली के खंभे पर चढकर लाईट सही कर रहे थे,तभी उन्हें करंट लग गया और वे खंभे से नीचे गिर गए। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया,जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाली पुलिस ने पीएम के बाद उनके शव को परिजन के सुपुर्द कर दिया और मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# ईमानदार स्ट्रीट वेंडर्स को मिलेगा क्रेडिट कार्ड, एक सैकड़ा के भरे आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



जो स्ट्रीट वेंडर पीएम स्वनिधि योजना के तहत लाभान्वित होकर अपना व्यवसाय शुरू करने के बाद नियमानुसार बैंक में हर माह किस्त जमा कराएंगे उन ईमानदार स्ट्रीट वेंडर्स को बैंक व्यवसायियों की तरह क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराएगी। जिसकी लिमिट 30 हज़ार रुपए होगी। यह जानकारी 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत नगरपालिका सभागार में पीएम स्वनिधि योजना के तहत नवीन आवेदन करने एवं पुराने आवेदनों को रिन्यू कराने आए स्ट्रीट वेंडर्स को विभिन्न बैंकर्स प्रतिनिधियों ने समझाइश देते हुए कही।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना के पुनर्गठन को मंजूरी दे दी। मंत्रिमंडल ने ऋण अवधि को 31 दिसंबर 2024 से आगे बढ़ाने को भी मंजूरी दे दी। ऋण अवधि अब 31 मार्च, 2030 तक बढ़ा दी गई है। अभी तक श्योपुर नगरपालिका में 3200 स्ट्रीट वेंडर्स इस योजना का लाभ लेकर अपना व्यवसाय आगे बढ़ा चुके हैं। योजना को अब दोबारा से शुरू कराया गया है जिसमें नवीन फार्म शिविर लगाकर भरे जा रहे हैं। पहले स्ट्रीट वेंडर्स को इस योजना के तहत 10 हजार रुपए पहली किस्त के रूप में मिलते थे जो अब बढ़कर 15 हजार हो गए हैं, दूसरी किस्त 20 हज़ार से बढ़ाकर 25 हजार कर दी गई है, तीसरी किस्त के रूप में 50 हज़ार रुपए दिए जाते हैं।

**इनका कहना..**

पीएम स्वनिधि पुनर्गठन योजना के तहत नगरपालिका में फार्म भरवाए जा रहे हैं। जो स्ट्रीट वेंडर इस योजना का लाभ लेना चाहता है वो नपा कार्यालय पहुंचकर आवेदन करे ओर दूसरे स्ट्रीट वेंडर्स को योजना के बारे में बताए।

**आरआर यादव**
**सीएमओ श्योपुर**

# पांडोला स्कूल में पहुंची पुलिस छात्र-छात्राओं को किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

मैं हूं अभिमन्यु अभियान के तहत पुलिस के अधिकारी शनिवार को पांडोला के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पहुंचे। जहां बडौदा थाना प्रभारी सत्यम सिंह गुर्जर, महिला थाना प्रभारी अनुराधा सिंह ने छात्र-छात्राओं को रुढ़िवादिता, अश्लीलता, असंवेदन शीलता, भ्रूण हत्या, अशिक्षा, लिंग भेद, नशा और दहेज जैसी सामाजिक बुराई को लेकर जागरूक किया। साथ ही नशा मुक्त करना, दहेज को उपहार कहना जैसी सीखें दी। उन्होंने छात्र-छात्राओं को आगामी दिनों में इस प्रकार के चक्रव्यूह को मिलकर तोड़ने की सलाह दी। इस अवसर पर पांडोला चौकी प्रभारी श्यामवीर सिंह यादव, एएसआई रानी तोमर तथा पांडोला स्कूल प्राचार्य लोकेन्द्र मीणा भी मौजूद थे।

# पूर्व विधायक ने किया चंबल नहर मेंटेनेंस स्थल का निरीक्षण, काम में देरी पर नाराजगी जताई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रजराज सिंह चौहान ने शनिवार को ढोटी के पास क्षतिग्रस्त चंबल नहर के मेंटेनेंस कार्य का निरीक्षण किया और काम में देरी पर नाराज़गी जताते हुए जल संसाधन विभाग के अधिकारियों पर कार्य में जानबूझकर देरी करने के आरोप लगाए।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एव पूर्व विधायक ब्रजराज सिंह चौहान ने क्षतिग्रस्त ढोटी चंबल नहर पर पहुँचकर मेंटिनेंस कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्य धीमी गति से चलने पर नाराज़गी जताते हुए कहा कि मेंटीनेंस कार्य में देरी के कारण धान की फसल के लिए पानी नहीं छोड़ा जा रहा है। पूर्व विधायक ने मौक़े से ही वरिष्ठ अधिकारियों को कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि काम तेज़ी लाई जाए। अन्यथा हर स्तर पर शिकायत करने और विरोध किया जाएगा। इस दौरान मौके पर काम करा रहे ठेकदार ने आश्वस्त किया है कि आज से ही दिन रात काम करवाकर इस काम को जल्द से जल्द पूरा कर देगा। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष चौहान ने पिछले दिनों हुई शांति समिति की बैठक में भी मुद्दा उठाते हुए जलसंसाधन विभाग की लापरवाही से बंजारा डैम का गेट न लगाने के कारण बंजारा डैम का पानी लगातार कम होने की बात कलेक्टर अर्पित वर्मा को बताते हुए गेट को ठीक कराने की मांग की थी। पूर्व विधायक चौहान का कहना था कि बंजारा डैम ख़ाली हो जाने से माता मूर्ति विसर्जन का संकट उत्पन्न हो जाएगा। साथ ही शहर का वाटर लेवल भी गिर जाएगा।

### प्रदेश स्तरीय आंदोलन की तैयारी में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता यूनियन

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता न बीएलओ की जिम्मेदारी संभाल रही हैं, न प्रशासन उन्हें कर रहा मुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बीएलओ बनाकर ऐसा लगता है कि प्रशासन भी उलझ गया है। श्योपुर विधानसभा क्षेत्र से जुड़ी 37 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने यह कहते हुए बीएलओ की जिम्मेदारी संभालने से इनकार कर दिया है कि उन्हें यह काम समझ में नहीं आता है, कम पढ़ी लिखी होने के कारण वह अति महत्वपूर्ण जिम्मेदारी वाले इस काम को संभालने में असमर्थ हैं। दूसरे उनके विभाग का काम ही इतना अधिक है कि वह उसे ही पूरा नहीं कर पा रही हैं। उधर प्रशासन इस बात पर अड़ा हुआ है कि जिन कार्यकर्ताओं को उसने बीएलओ बनाया है वह उन्हीं से काम करवाएगा जबकि प्रशासन के पास आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के अलावा और भी पढ़े लिखे कर्मचारी मौजूद हैं जो उसी मतदान केंद्र क्षेत्र में निवास करते हैं जिनसे ये काम करवाया जा सकता है।

आंगनवाड़ी कार्यकर्ता यूनियन (सीटू) की जिलाध्यक्ष राजकुमारी राजपूत ने बताया कि शिक्षकों को बीएलओ की जिम्मेदारी से हटाकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बीएलओ बना दिया गया है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के पास अपने विभाग का काम ही इतना अधिक है कि उन्हें रात-रात भर जाग कर काम करना पड़ रहा हैं अगर बीएलओ का काम उन्हें सौंपा गया तो वह आईसीडीएस के काम को कर ही नहीं पाएंगी ऐसी स्थिति में जिले में कुपोषण बढ़ना लाजमी है। उनका दावा है कि जिन मतदान केंद्रों पर शासकीय कर्मचारी मतदाता होने वाले नियम को ढाल बनाकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बीएलओ बनाया गया है उन मतदान केंद्रों पर सरकारी शिक्षकों के नाम भी दर्ज हैं जो परमानेंट कर्मचारी हैं जबकि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सरकारी कर्मचारी नहीं है इसके बावजूद सरकारी कर्मचारी के बजाय गैर सरकारी कर्मी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बीएलओ बनाया गया है इस काम को कार्यकर्ता समझ ही नहीं पा रही है तो वह काम कैसे करेंगी। निर्वाचन जैसे काम में इस तरह की लापरवाही ठीक नहीं है इस संबंध में वह कलेक्टर को कई बार आवेदन दे चुकी है। उन्होंने कहा कि अब कार्यकर्ताओं का धमकी दी जा रही है की बीएलओ की जिम्मेदारी नहीं संभालने वाली कार्यकर्ताओं का एक-एक माह का वेतन काटा जाएगा जो मानवीय संवेदनाओं के विपरीत होगा। अगर किसी भी कार्यकर्ता का मानदेय दूसरे विभाग का काम नहीं करने पर काटा गया तो इसे कोर्ट में तो ले जाएंगे ही साथ ही इस मामले में प्रदेश स्तरीय आंदोलन किया जाएगा।

**हाईकोर्ट पहुंचा बीएलओ का मामला**

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका यूनियन इस मामले को हाई कोर्ट ले गई है। यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष किशोरी वर्मा ने बताया कि श्योपुर जिले में सरकारी शिक्षकों को हटाकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बीएलओ बनाने का जबरिया निर्णय प्रशासन ने लिया है इस बेतुके निर्णय के खिलाफ हमने जबलपुर हाईकोर्ट में रिट याचिका लगाई है जिसमें उन सभी तत्वों को अदालत के सामने रखा जाएगा जिसके कारण आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को जबरिया निर्वाचन जैसे कार्य को करने के लिए मजबूर किया जाना अनुचित है।

**नहीं लिए नोटिस के जवाब रजिस्ट्री की**

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बीएलओ की जिम्मेदारी संभालने से इनकार करने पर महिला बाल विकास विभाग ने उन्हें वेतन काटने और सेवा से पृथक करने का नोटिस जारी किया है। इस नोटिस का जवाब देने के लिए जब आंगनवाड़ी कार्यकर्ता विभाग में पहुंची तो विभाग में किसी अधिकारी कर्मचारियों ने उनका जवाब तक नहीं लिया। मजबूरी में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को नोटिस का जवाब रजिस्टर्ड डाक से भेजना पड़ा है।

**इनका कहना है...**

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दूसरे विभाग का काम न करने पर एक माह का वेतन काटने और सेवा से बर्खास्त करने के नोटिस दिए गए हैं। इस संबंध में जब हम जवाब देने पहुंची तो कोई अधिकारी जवाब लेने को तैयार नहीं हुआ मजबूरी में हमें रजिस्टर डाक से जवाब भेजना पड़ा है।

**राजकुमारी राजपूत**
**जिलाध्यक्ष आंगनबाड़ी कार्यकर्ता यूनियन (सीटू)**

निर्वाचन संबंधित काम अति महत्वपूर्ण काम है। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर बीएलओ उस कर्मचारी को बनाया गया है जिस मतदान केंद्र की मतदाता सूची में उसका नाम दर्ज हो। इसलिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भी बीएलओ बनाया गया है। नोटिस किसने जारी किया है और जवाब किसको दिया गया मुझे इसकी जानकारी नहीं है।

**महेंद्र कुमार अंब**
**डीपीओ श्योपुर**

# राशन दुकानों का निरीक्षण करने पहुंचे डिप्टी कलेक्टर बंद मिली तीन दुकानों के संचालकों को दिया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



शुक्रवार को जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण करने वाले डिप्टी कलेक्टर विजय शाक्य ने शनिवार को राशन दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें शहर की तीन राशन दुकाने बंद मिली। इस पर डिप्टी कलेक्टर ने खासी नाराजगी व्यक्त करते हुए तीनों राशन दुकानों के संचालकों को नोटिस जारी कर दिया और तीन दिन में जबाव न दिए जाने पर कार्रवाई किए जाने की चेतावनी भी दे दी।

दरअसल जिला आपूर्ति अधिकारी का पद खाली बना है। जिसका प्रभार कलेक्टर अर्पित वर्मा ने डिप्टी कलेक्टर विजय शाय को सौंप दिया है। इसी क्रम में जिला आपूर्ति अधिकारी विजय शाक्य ने शनिवार को दोपहर तीन बजे के आसपास आधा दर्जन से अधिक राशन दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्हें शहर में संचालित तीन राशन दुकाने बंद मिली। इस पर जिला आपूर्ति अधिकारी ने पात्र हितग्राहियों को समय पर राशन वितरण में लापरवाही मानते हुए तीनों राशन दुकानों के संचालको इंसाफ कुरेंशी, असरार हुसैन, समर खान को नोटिस जारी कर दिया है। जिला आपूर्ति अधिकारी विजय शाक्य ने बताया कि तीनों राशन दुकान संचालकों को तीन दिवस के भीतर कलेक्टर कार्यालय, श्योपुर में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करना होगा। जवाब न मिलने पर मध्यप्रदेश सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2015 के तहत निलंबन, आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 7 के अंतर्गत अभियोजन या 5,000 रुपये तक का अर्थदंड और राजसात की कार्रवाई की जा सकती है।

### गर्ल्स कॉलेज में आयोजित 30 दिवसीय निशुल्क हस्तकला प्रशिक्षण का हुआ समापन

# हस्तकला में कल्पना शक्ति भी महत्त्वपूर्ण आप बन सकते हैं सफल उद्यमी : प्राचार्य

**स्वरोजगार उद्यमिता में हस्तकला क्षेत्र भी श्रेष्ठ चयन है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



गर्ल्स कॉलेज में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत संचालित 30 दिवसीय निशुल्क अल्पावधि रोजगारोन्मुखी हस्तकला प्रशिक्षण का शनिवार को समापन हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ चंदा रत्नाकर ने कहा कि स्वरोजगार उद्यमिता में हस्तकला क्षेत्र भी श्रेष्ठ चयन है। हस्तकला में कल्पना शक्ति भी महत्त्वपूर्ण होती है। हस्त कला प्रशिक्षण लेकर छात्राएं सफल उद्यमी बनें। स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ रश्मि जैन ने कहा हस्तकला प्रशिक्षण के द्वारा छात्राओं ने अनुपयोगी वस्तुओं को कलात्मक बनाने की कला सीखी। हस्तकला प्रशिक्षण ने छात्राओं की कलाकार शक्ति को जागृत किया है। स्वरोजगार में स्थापित होने के लिए हस्तकला उत्तम विधा है। डॉ उमा लवानियां ने कहा जीवन में कोई भी कला निरर्थक नहीं होती। हस्तकला के द्वारा छात्राएं आत्म निर्भर बनें। प्रशिक्षक मीनू तिवारी ने कहा हस्तकला स्वरोजगार में रुचि एवं आकर्षण का क्षेत्र है। छात्राएं इस क्षेत्र से जुड़कर कॅरियर निर्धारित कर सफलता प्राप्त कर सकती हैं। समापन अवसर पर हस्तकला प्रशिक्षण में छात्राओं द्वारा तैयार की गई कलात्मक सामग्री की प्रदर्शनी लगाई गई। विभिन्न प्रकार एवं वस्तुओं से तैयार की गई डॉल ने सभी का मन मोह लिया। कागज ऊन एवं रिबन के तैयार किए गए फूल गत्ते, निर्मित सजावट सामग्री, मंगल कलश, सजी हुई थाल, फ्रॉम निर्मित सामग्री पेन स्टेंड, बॉल हैंगिंग, मेक्रम वर्क, जूट वर्क, क्रोशिया वर्क, सुतली आइटम, चम्मच आइटम, झाड़ द्वारा तैयार बुके एवं हस्त निर्मित सेल्फी स्टैंड विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। प्रशिक्षण प्राप्त छात्राओं ने अपने अनुभव सुनाए। सभी छात्राओं को सहभागिता प्रमाण पत्र वितरित किए गए। अमीषा धानक, नेहा प्रजापति, सोनम राय, राधा कुशवाहा, नंदिनी कुशवाहा को श्रेष्ठ छात्रा के रूप में विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार आरती ठाकुर ने किया।

**सागर जिला को संभागीय चैंपियन बनाने में दिया योगदान**

## गोमती नंदन पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने कबड्डी में प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़कर किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**बीना।** गोमती पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने 69वीं एसजीएफआई डिवीजनल अंडर-14 कबड्डी प्रतियोगिता में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से न केवल सागर जिले को संभाग स्तर पर जीत दिलाई, बल्कि बीना शहर का नाम भी रोशन किया। जानकारी अनुसार बीना ब्लॉक स्तरीय ट्रायल मैच 11 अगस्त को आयोजित किया गया था। जिसमें गोमती नंदन पब्लिक स्कूल की 10 छात्राओं का चयन हुआ। इसके बाद 21 अगस्त को खुरई में जिला स्तरीय प्रतियोगिता में बीना ब्लॉक की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया और प्रतिद्वंद्वी टीमों को पछाड़ते हुए जीत दर्ज की। इस टीम में आध्या तोमर, ऐतिशा अवस्थी, नंदनी ठाकुर, वैष्णवी कुशवाहा, हर्षिता इन पांचों छात्राओं ने अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सागर जिला टीम में जगह बनाई। इसके बाद 24 से 26 सितम्बर तक नौगांव (छतरपुर) में आयोजित संभाग स्तरीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता में उन्होंने सागर संभाग का प्रतिनिधित्व किया। लगातार शानदार प्रदर्शन करते हुए अन्य जिलों की टीमों को हराकर सागर जिले को संभागीय चैंपियन बनाने में अहम योगदान दिया। इस उपलब्धि से विद्यालय डायरेक्टर विकास अग्रवाल, प्राचार्या शिखा अग्रवाल, शैक्षणिक निदेशक संतोष कुमार रजक एवं कोचिंग टीम कोमल पटेल, करतार सिंह यादव, गीतेश रैकवार एवं शिखा मिश्रा ने विजेता छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सफलता उनकी मेहनत, अनुशासन और लगन का परिणाम है। इस शानदार जीत से छात्राओं न सिर्फ गोमती नंदन पब्लिक स्कूल का नाम रोशन किया है, बल्कि पूरे बीना क्षेत्र को भी गर्व का अवसर दिया है।



### भाजपा कार्यकर्ताओं ने व्यापारियों एवं सांसद

## जीएसटी रिफॉर्म को लेकर सांसद वानखेड़े ने व्यापारियों से किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

सागर सांसद लता वानखेडे ने नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय के संयोजन में जीएसटी रिफॉर्म जनजागरण अभियान के अंतर्गत व्यापारियों से संवाद किया। उन्होंने उपभोक्ताओं को होने वाले लाभ एवं बचत के विषय में विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही सांसद वानखेड़े ने स्थानीय व्यापारियों से स्वदेशी उत्पादों को खरीदने, बेचने एवं उपयोग करने का आग्रह किया गया। जीएसटी बचत उत्सव के तहत व्यापारियों ने नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म का स्वागत करते हुए इसे देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने वाला ऐतिहासिक कदम बताया। साथ ही व्यापारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में किया गया यह सुधार न केवल व्यापार जगत को नई ऊर्जा देगा, बल्कि महंगाई को न्यूनतम स्तर पर लाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह पहल उपभोक्ताओं को राहत और व्यापारियों को पारदर्शी व सरल कर व्यवस्था प्रदान करने वाली सिद्ध होगी। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने व्यापारियों एवं सांसद का किया स्वागत। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष लता सकवार, जनपद अध्यक्ष उषा राय, पूर्व नपा अध्यक्ष नीतू राय, सभापति भारती राय, नगर मंडल महामंत्री आलेख राय, पवन गुलाटी, प्रहलाद यादव, प्रदीप तिवारी, संतोष ठाकुर, रतन यादव, वीरेंद्र भदौरिया, राकेश सेन, अवधेश तिवारी, राजेश यादव, सुनीता बलराम राय, चीनू कशिव, संजीव बोध, विजय लखेरा, आशीष वाधवानी, अभिषेक नायक, रोशन रजक, संकल्प जैन सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता

### करैरा में यथार्थ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल झांसी द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आज, ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन भी होगा

**करैरा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करेरा में 28 सितंबर को सुबह 10 बजे झांसी के यथार्थ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन एवं स्वस्थ्य नारी, सशक्त परिवार अभियान अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। करेरा के मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ रोहित भदकारिया ने बताया कि उक्त कैंप में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन भी किया जा रहा है। इस हेतु संस्थाएं या व्यक्तिगत लोग ब्लड डोनेशन कर कैंप में ज्यादा से ज्यादा लोग सहभागी होनें की अपील की है। उक्त कैंप में यथार्थ हॉस्पिटल झांसी के एवं जिला चिकित्सालय शिवपुरी के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। उक्त शिविर का ज्यादा से ज्यादा लोग उपस्थिति होकर स्वास्थ्य लाभ उठाए।

### राज्य के पेंशनरों को केंद्र के समान महंगाई राहत की मांग

## प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन की स्थानीय शाखा की मासिक बैठक आज रविवार शाम 4 बजे नरसिंह मंदिर प्रांगण में होगी। जिसमें तहसील के राज्य पेंशनरों की समस्याओं एवं चली आ रही पुरानी मांगों को लेकर चर्चा की जाएगी। प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील बीना अध्यक्ष आरके जैन ने बताया कि बार-बार मध्य प्रदेश शासन से निवेदन करने के बाद भी शासन जाग नहीं रहा है।

पेंशनरों की मांगों पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। त्यौहार पास में है और शासन राज्य पेंशनरों को केंद्र के समान महंगाई राहत नहीं दे रहा है। बाजार में महंगाई बढ़ती जा रही है, ऐसे में पेंशनर्स त्योहार किस प्रकार मनाएंगे इसके ऊपर शासन का बिल्कुल भी ध्यान नहीं है। जैन ने बताया कि पेंशनर्स की मांगों के संबंध में मध्य प्रदेश के मंत्री गोविंद सिंह राजपूत को प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया था। किंतु स्थिति जस की तस है।

इसके साथ ही स्कूल शिक्षा विभाग के स्थानीय पेंशनर्स समस्याओं का निराकरण संकुल प्राचार्य एवं सहायक संचालक शिक्षा विभाग द्वारा नहीं किया जा रहा है। यहां तक की कैंसर जैसी भयंकर बीमारी से पीड़ित पेंशनर्स और हमारे दिवंगत पेंशनर्स जिनके परिवार को परिवार पेंशन दी जा रही है, उनकी समस्याओं का भी निराकरण नहीं किया जा रहा है। जैन का कहना है कि इस संबंध में एसडीएम से भी कई बार निवेदन किया गया है। परंतु उनके निर्देश पर भी पेंशनर्स की समस्याओं का अभी तक निराकरण नहीं हुआ है।

## 56 भोग के साथ मां जागेश्वरी की हुई महाआरती



### पंचमी पर मां के लगे जयकारे- सबका ही कल्याण करेंगी, जय जय मां जागेश्वरी


हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



नवरात्रि पर्व शहर में बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। देवी पंडालों में मां की आरती की जा रही है। वहीं देवी मंदिरों में दिन भर धार्मिक आयोजन किए जा रहे है। साथ ही जगह जगह गरबा के आयोजन किए जा रहे है। जिसमें छोटी छोटी कन्याओं, युवतियों एवं महिलाओं के द्वारा गरबा के माध्यम से देवी मां की आराधना की जा रही है। वहीं दुर्गा पंचमी के मौके मां शक्तिपीठ पर विराजमान मां जागेश्वरी की महाआरती कर छप्पन भोग लगाया गया। इस मौके पर मां का विशेष श्रृंगार किया गया। वहीं उपस्थित भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। सबका ही कल्याण करेगी, जय जय मां जागेश्वरी के जयकारों ने शक्तिपीठ गूंज उठा। छप्पन भोग एवं महाआरती में बड़ी संख्या में मां के भक्त मौजूद रहे। मां जागेश्वरी के सभी को दर्शन लाभ मिल सके इसके लिए एलईडी पर लाइव आरती का प्रसारण किया गया। इस मौके पर एसडीओपी नितेश पटेल, थाना प्रभारी अनूप यादव सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

### जगह-जगह गरबा के पांडाल सजे, नृत्य की धुनों पर मातृशक्ति बरसा रही अपनी आस्था और श्रद्धा के फूल

# शहर में गरबा की धूम, महिलाएं हाथ में डांडियां लेकर कर रही मां की आराधना





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

गुजरात के प्रसिद्ध गरबा नृत्य की धूम अब अशोकनगर शहर में भी देखी जा रही है। उत्सवी छटा रंग बिरंगी बिजली की सजावट और संगीत की स्वर लहरियों के बीच थिरगती महिलाएं ।इन गरबा नृत्यों में आकृषण का केन्द्र बनी हैं। घर-घर द्वार द्वार उत्सव का माहौल है जिसे देखो वहीं नवरात्रि पर्व के धर्म के रंग में रंगा हुआ है और अपने अपने ढंग से माता की आराधना कर रहा है।

आस्था के थाल, कुमकुम और भक्ति का अनूंठा संगम इन गरबा की रातों में देखा जा सकता है। बीती रात शहर के मधुवन गार्डन में रजवाड़ी रास सेशन 2 नवरात्रि डांडियां महोत्सव के तीन दिवसीय आयोजन की शुरूआत माता की आराधना से की गई। इस आयोजन के साक्षी कलेक्टर आदित्य सिंह सह पत्नीक बने। इस आयोजन में पंडित कैलाशपति नायक और आयोजन कर्ता महिलाएं देवी मां की आराधना के आयोजन में भाग लेती नजर आईं। अदभुत, अनोखे और भक्तिमय इस आयोजन में संगीत के बीच महिलाएं एक जैसी पदचाप के साथ गरबा में भाग लेती हुई नजर आईं। इन गरबा करते हुए महिलाओं ने गुजरात के पारंपरिक गरबा नृत्य से प्रेरणा लेते हुए आर्कषक पोशाक धारण की थी। हाथ में डांडिया के साथ शाम 6:00 बजे की वेला में शुरू हुए इस आयोजन में पहले देवी मां की आराधना की गई। जिसके बाद माता की आराधाना को डांडिया के नृत्यों से सजाया गया, संगीतमय भजन बजते रहे और महिलाएं डांडिया के साथ माता की भक्ति करते हुए देखी गईं। महिलाओं के साथ बालिकांए भी शामिल थीं और किशोर उम्र के बच्चों को भी इस गरबा आयोजन का हिस्सा बनते हुए देखा गया। यह 3 दिवसीय आयोजन का पहला दिन था। गरबा नृत्य स्वस्थ्य शरीर के लिए एक महत्वपूर्ण आयोजन है, इससे तमाम तरह की बीमारियों को कम किया जा सकता है। शहर में रघुवंशी धर्मशाला के समीप नवरंगी गरबा उत्सव का तीन दिवसीय आयोजन शुक्रवार से प्रारंभ हो गया है। यह उत्सव सही समय पर देवी मां की आराधना के साथ प्रारंभ हुआ। इस आयोजन में गरबा करते हुए सभी वर्ग की महिला और बच्चों ने भाग लिया। शहर में इस तरह के आयोजन कईं स्थानों पर आयोजित हो रहे हैं। नवरात्रि पर्व का यह त्योहार शहर में एक नया संदेश लेकर आता है। इस पर्व की पूरे वर्ष भर तैयारियां की जाती हैं। वैसे तो नवरात्रि का पर्व नौ दिनों का होता है लेकिन इस वर्ष नवरात्रि का यह पर्व 10 दिवसीय आयोजन के रूप में हो रहा है। वृत और उपवासों के साथ घर घर में देवी मां की आराधना और आरती के आयोजन हो रहे हैं।

### मां गायत्री की आराधना के साथ गरबा

वैश्य महा सम्मेलन की महिलाओं द्वारा नवरात्रि पर्व पर गायत्री मंदिर परिसर में गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया। महिलाओं ने पूरी आस्था और भक्ति के साथ माता की आराधना की। संस्था की जिला प्रभारी सीमा अग्रवाल ने कहा यह हमारी संस्कृति और परंपरा को एकजुट कर उत्साह से मनाने का त्यौहार है। जिसमें हमारे बच्चों को भी संस्कार मिलते हैं संस्था के जिला अध्यक्ष रचना गुप्ता ने कहा कि इस संस्थान एक वार्षिक प्रोजेक्ट के रूप में किया है जिससे हम अपने विभिन्न त्योहार परंपरा और बच्चों में भी इसी तरह का उत्साह भर सकें। सर्वप्रथम मां का पूजन अर्चन और आरती के बाद में गरबा का प्रारंभ होना मां की शक्ति के स्वरूप का स्पष्ट झलक दिखाई देती है, जो की नारी शक्ति का परिचय है। बच्चों ने भी मनमोहन वेशभूषा व डांडिया डेकोरेशन किया था विभिन्न प्रतियोगिताओं के साथ गरवा किया गया। साथ ही फलाहार व चाय से सभी का स्वागत था। गरवा में प्रथम प्रेरणा गुप्ता. द्वितीय स्नेह अग्रवाल रही डांडिया डेकोरेशन में प्रथम रश्मि जैन द्वितीय रानी गुप्ता रही गुजराती भेषभूषा में प्रथम मनीषा गुप्ता द्वितीय राशि गुप्ता. प्राची गुप्ता, बच्चों में डांडिया डेकोरेशन में प्रथम दृष्टि गुप्ता द्वितीय गुप्ता गुजराती वेशभूषा में प्रथम कर्णिका गुप्ता द्वितीय तृषा गुप्ता रही सभी ने गरबा महोत्सव को पूरे श्रद्धा के साथ संपन्न किया आभार प्रदर्शन सचिव अनीता जैन ने किया भारी संख्या में समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

### देवी मां की झांकियां आर्कषण का केन्द्र

शक्ति और सम्पन्नता की देवी का यह पर्व अशोकनगर की धार्मिक परम्पराओं का एक सबसे बड़ा उत्सव है। शहर के सभी चैराहे और गली मोहल्ले देवी मां की झांकी के दरबार से सजे हैं। यहां झांकियों में देवी मां के विभिन्न स्वरूप देखने को मिल रहे है। सुबह और शाम दोनो समय आरती के आयोजन हो रहे हैं।

झांकियां खुलने के बाद देर रात तक शहर में अदभुत नजारा देखने को मिलता है। अर्धरात्रि तक शहर की सड़के शहर से लेकर गांव तक के लोगों से भरी नजर आ रही हैं। हर दिन माता का श्रंगार किया जाता है। आने वाले श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण भी किया जाता है। शहर में सजी यह झांकियां यहां के सांस्कृतिक और धार्मिक पर्व को रेखांकित कर रही हैं।

ऐजेन्सी देना है। हरिभूमि
शिवपुरी एवं शिवपुरी सम्पूर्ण जिले में एजेन्सी देना है।
पता :- हरिभूमि कार्यालय 4 फ्लोर, मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर, भोपाल
मो.: 8770833858, 9827743042